मतदान केन्द्र 102 - संकटमोचन

प्रारूप

अर्हता तिथि दिनांक 1/1/2026 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के क्रम में BLA एवं अन्य के साथ दिनांक 8/12/2025 को आयोजित बैठक का कार्यवाही विवरण।

आज दिनांक 8/12/2025 को विशेष तौर पर अनुपस्थित/स्थानांतरित मृत एवं दोहरी प्रविष्टि (डुप्लीकेट) वाले तथा जिनके गणना पत्रक प्राप्त नहीं हो पाये है के संबंध में BLO-BLA एवं अन्य की मीटिंग का आयोजन मतदान केन्द्र-102 नाम- संकटमोचन राजगढ़ पर किया गया जिसमें संलग्न सूची अनुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के BLA उपस्थित हुए। साथ ही BLO के सहयोगी द्वारा भी अपनी उपस्थिति, उपस्थिति पत्रक में दर्ज की गई। उपरोक्त सभी की उपस्थिति परिशिष्ट-1 (उपस्थिति पत्रक) पर संलग्न है।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के पत्र क्रमांक 23/2025-ERS (VOL.II) दिनांक 27/10/25 एवं पत्र क्र० 23/2025-ERS (VOL.II) दिनांक 30/11/2025 में वर्णित निर्देशों के तारतम्य में दिनांक 4/11/2025 से गणना पत्रकों का वितरण एवं प्राप्त करने की कार्यवाही निरंतर जारी है; यह कार्य अंतिम चरण में है तथा दिनांक 11-12-2025 को पूर्ण होगा। वर्तमान में जो गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं, उनके संबंध में डिजिटलाईजेशन का कार्य किया गया तथा दिनांक 8/12/2025 तक 20 अनुपस्थित, 25 स्थानांतरित, 11 मृत एवं 12 दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता की जानकारी संकलित हुई है, यह जानकारी अभी अंतिम नहीं है। इसका अवलोकन सभी उपस्थित BLAS द्वारा किया गया साथ ही इस सूची का वाचन भी किया गया। मतदान केन्द्र पर उसे चस्पा भी किया गया। उपस्थित सभी BLA एवं अन्य से अपील की गई यदि उपरोक्त जानकारी में कोई विसंगति प्रतीत हो रही है, तो तत्काल अवगत कराया जाए ताकि उन मतदाताओं के संबंध में जानकारी दिनांक 11/12/2025 के पूर्व BLO APP के माध्यम से अपडेट की जा सके।

आ.वा. कार्यकर्ता (हस्ताक्षर)
श्रीमति शैलु मेवाड़े
(हस्ताक्षर)

(हस्ताक्षर)
प्रियकुमार नागर
BLO 102
संकटमोचन राजगढ़
विस. 164 राजगढ़

(हस्ताक्षर)
सुपरवाइजर


स्वस्थ नारी सशक्त परिवार
22 23 24 25 26 27 28 29 30